

# टिकट कलेक्टर पर छात्रा से अभद्रता-मारपीट के आरोप

## मुख्य टिकट पर्यवेक्षक कार्यालय से लेकर आरपीएफ पोस्ट तक हुआ हंगामा

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. यदि किसी यात्री को बिना किसी वैध टिकट के पकड़ा जाता है तो उससे जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जाती है. लेकिन रेलवे स्टेशन पर तैनात टिकट कलेक्टर ने अपनी सीमाओं को लांघते हुए बिना टिकट पाई गई छात्रा के साथ अभद्रता और मारपीट की. इसी कड़ी में छात्रा ने यह आरोप भी लगाए कि पूरा जुर्माना भरने के साथ-साथ उसे अभद्रता-मारपीट का दंश झेलना पड़ा, लेकिन ऐसा करने वाले टीटी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई.**

जिले में शहीदों के गांव के रुप में पहचान बना चुके चूंद गांव की निवासी एक छात्रा की बुधवार को सतना में परीक्षा थी. जिसके चलते वह बुधवार की सुबह जैतवारा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई. इसी दौरान पटना-एलटीटी एक्सप्रेस जैतवारा रेलवे स्टेशन पर आकर रुक गई. जिसे देखते हुए छात्रा ट्रेन में



सवार होकर सतना पहुंच गई. सतना रेलवे स्टेशन पर उतरने पर जैसे ही छात्रा निकास द्वार पर पहुंची तो वहां पर तैनात महिला टिकट कलेक्टर रेनू सिंह ने उससे टिकट मांगा. जवाब में छात्रा ने बताया कि आज उसकी सतना में परीक्षा है. जैतवारा स्टेशन पर ट्रेन खड़ी देख वह उसमें सवार हो गई. जिसके चलते उसे टिकट लेने का मौका ही नहीं मिल पाया. यह सुनकर महिला टीटी ने 330 रु का जुर्माना भरने के लिए कहा. लेकिन छात्रा ने आगे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जुर्माना भरने की बात करने के साथ ही महिला टीटी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया. जिसे सुनकर छात्रा ने कड़ी आपत्ति जताई. लेकिन अपनी अभद्रता पर माफी मांगने के बजाए महिला टीटी ने छात्रा के जोरदार थप्पड़ मार दिया. जिसके चलते छात्रा का सिर बगल में मौजूद दरवाजे पर जा लगा. जिसके बाद छात्रा को पकड़कर मुख्य टिकट पर्यवेक्षक कार्यालय में ले आया गया. छात्रा के अनुसार वहां पर मौजूद एक अन्य टीटी ने उसे लातों से मारने की धमकी भी दी. इस मामले के चलते वहां पर आधे घंटे से अधिक समय तक खासा हंगामा होता रहा.

### ले जाया गया आरपीएफ पोस्ट

हंगाम बढ़ता देख रेल सुरक्षा बल के जवान वहां पहुंच गए और दोनों पक्ष को आरपीएफ पोस्ट में चलने के लिए कहा. आरपीएफ पोस्ट में एक ओर जहां छात्रा ने महिला टीटी सहित एक अन्य टीटी पर अभद्रता और मारपीट करने जैसे गंभीर आरोपों को दोहराया. वहीं दूसरी ओर टीटी द्वारा अपनी कार्रवाई को जायज ठहराया जाता रहा. जिसे देखते हुए सबसे पहले छात्रा से 330 रु का जुर्माना भरवाया गया. जिसके बाद दोनों पक्षे को समझाइस देकर जाने दिया गया. इस घटना से आहत छात्रा का कहना है कि एक ओर जहां उसे शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के साथ ही जुर्माना भी भरवाया गया. लेकिन वहीं दूसरी ओर रेलवे द्वारा दोहरा चरित्र अपनाते हुए महिला टीटी सहित एक अन्य टीटी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई.

# कुल्हाड़ी से हमला कर महिला की हत्या

## आधा दर्जन घायल, जमीन विवाद को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के कुड़िया नवस्ता गांव में बुधवार दोपहर जमीन विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कुल्हाड़ी और डंडों से हुई हिंसा में 42 वर्षीय रामप्यारी आदिवासी की मौत हो गई। उनके पति दिनेश आदिवासी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।**

बताया गया कि विवाद की जड़ में गांव की सरकारी जमीन है। इस जमीन पर लालू कोल का वर्षों से कब्जा था। दिनेश आदिवासी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 25 हजार रुपये की पहली किस्त मिली थी। उन्होंने इसी जमीन पर मकान बनाने की तैयारी शुरू की और कुछ दिन पहले निर्माण सामग्री मंगवाई थी।

बुधवार को जब दिनेश मकान की नींव खोदने पहुंचे, तब लालू कोल और उनके परिजनों ने हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से किए गए हमले में रामप्यारी की मौके पर ही मौत हो गई। इस झड़प में दूसरे पक्ष के दुर्घट आदिवासी और लालू कोल को भी चोटें आई हैं। थाना प्रभारी अजय अहिरवार के अनुसार, पुलिस ने घटनास्थल से दो लोगों को हिरासत में लिया है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आज

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 21 अगस्त को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नगर परिषद नागौद एवं बिरसिंहपुर की आईडीएचएमटी योजनांतर्गत निविदा समिति की परियोजना स्वीकृति के संबंध में समीक्षा की जायेगी।

# शारीरिक शोषण कर आत्महत्या के लिए किया मजबूर

## चकमा देते आ रहे शातिर आरोपी को पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करता रहा और फिर अपने वादे से मुकर गया. जिसके चलते शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना से तंग युवती ने जहर खाकर जान दे दी. घटनास्थल पर मिले सुसाइड नोट सहित अन्य साक्ष्यों से मामले की पुष्टि होने पर पुलिस ने फरार शातिर आरोपी को दबोचकर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पगार निवासी ताराबाई हरिजन की मौत जहर खाने से हो गई थी. जांच करने पहुंची पुलिस टीम को मामला शुरु से ही संदेहास्पद नजर आया. जिसे देखते हुए हर पहलू को ध्यान में रखते हुए कड़ी दर कड़ी बारीकी से जांच आगे बढ़ाई गई. जिस कमरे में युवती ने जहर खाया था उसकी तलाशी लिए जाने पर एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ. जिसमें इस बात का जिक्र किया गया था कि प्रदीप उर्फ लाला नामक व्यक्ति ने उसका जीवन बर्बाद कर दिया. इस महत्वपूर्ण लीड के आधार पर जब पुलिस



ने जांच आगे बढ़ाई तो यह जानकारी सामने आई कि प्रदीप पासवान उर्फ लाला निवसी चार मंदिर के पास नई बस्ती ने युवती के साथ पहले जान पहचान बढ़ाई. जिसके बाद शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा. लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने के बाद प्रदीप उर्फ लाल ने युवती से शादी करने से साफ इंकार कर दिया. शारीरिक और मानसिक तौर पर बुरी तरह प्रताड़ित युवती के सामने जब कोई और रास्ता नहीं सूझा तो उसने जहर खाकर जान दे दी.

### मास्टर प्लान से दबोचा

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी प्रदीप उर्फ लाल को जैसे ही इस बात की भनक लगी कि वह पुलिस के राडार पर आ चुका है, वह फरार हो गया. हलांकि पुलिस टीम द्वारा उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जाता रहा. लेकिन शातिर आरोपी बार बार पुलिस को चकमा देने में सफल हो जा रहा था. फरार आरोपी की चालाकी 4 महीने तक जारी रही. लेकिन इसी दौरान मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मास्टर प्लान से दबोच लिया.

# कलेक्टर ने किया उर्वरक वितरण केन्द्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बुधवार को सतना स्थित शेरगंज और सिविल लाइंस के मार्कफेड गोदाम का निरीक्षण कर किसानों को केंद्रों से खाद वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया।**

इस दौरान कलेक्टर ने टोकन काउंटर भी देखे तथा किसानों से बातचीत कर व्यवस्था का फीड बैक



लिया। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर अपर कलेक्टर विकास सिंह ने सतना जिले के उर्वरक वितरण केन्द्र और प्राइवेट विक्रय संस्थायो में किसानों को सही रेट पर सुगमता से खाद वितरण कराने तहसीलदारों की डयूटी भी लगाई है।

जिसमें संबंधित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट वितरण स्थल पर कानून और व्यवस्था भी देखेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सौहोला सरपंच पर लटकी धारा-40 की तलवार

## फर्जी बरसाना जारी करने को लेकर प्रशासन गम्भीर

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. फर्जी बरसाना के आधार पर जमीन के फौती नामांतरण का मामला गम्भीर होता जा रहा है.**

प्रशासन ने एक ही दिन नामांतरण और बिक्री के मसले को धोखाधडी मानते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की है.जनपद मुख्यालय की पंचायत में हो रहे इस प्रकार के नित नए कारनामें के चलते सरपंच पर धारा 40 की कार्यवाही हो जाने की प्रबल सम्भावना पैदा हो गयी है. मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को कलेक्टर डां सतीश एस के सामने सौहोला निवासी देवकली सिंगरहा पत्नी शिवकुमार सिंगरहा ने आवेदन देकर फर्जी सजरा तैयार कर ढाई एकड से अधिक भूमि को खुदबूरद कर दिया गया है.शिकायत के बाद प्रकाश मेंआए इस मामले की प्राथमिक जांच से यह सिद्ध हो गया कि जिस दिन नामांतरण किया गया हैंउसी दिन भूमि को सिंचित से असिंचित कर बिक्री कर दिया गया है.इस मामले में शिकायतकर्त्ता की बेवा बहू जो वर्तमान में किसी और के साथ ब्याहता है कि भूमिका मुख्य रही है.इसके अलावा सरपंच शकुन्तला चौरसिया द्वारा दिए गए सजरे पर नामांतरण कर उसे भूमि स्वामी बनाया गया.परिवार के शेष परिजनों का सजरे में कोई जिक्र नहीं किया गया है.

# पार्षद के नहीं पहुंचने पर फिर बढ़ी तारीख

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त.नगर निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार और वार्ड 21 के पार्षद गोपीचंद गेलानी पर पद से अयोग्यता की तलवार और तेज हो गई है। लाखों रुपये के टैक्स बकाये को लेकर दायर व्यवहार वाद की सुनवाई अब अगले महीने होगी।**


महापौर योगेश ताम्रकार की फर्म विंध्य सिरामिक्स पर करीब 67 लाख का नगर निगम टैक्स बकाया है। पार्षद गोपीचंद गेलानी की फर्म यूनिवर्सल स्टोन एंड मार्बल पर करीब 16 लाख से अधिक की टैक्स बकाया राशि लंबित है। नगर निगम द्वारा इनकी वसूली को लेकर पूर्व से ही कार्यवाही जारी है। याचिकाकर्ता डॉ. अमित सिंह के अधिवक्ता नरेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 8 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड ने ऋष्टस प्रकरण क्रमांक 287/25 और 288/25 में शासन व संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 19 अगस्त को पेश होने का आदेश दिया था। 19 अगस्त को नगर निगम आयुक्त और महापौर की ओर से अधिवक्ता उपस्थित हुए। 20 अगस्त को सतना कलेक्टर की ओर से भी अधिवक्ता हाजिर हुए। न्यायालय द्वारा भेजा गया नोटिस पार्षद गेलानी के पते से वापस लौट आया। इस पर अदालत ने पुन: नोटिस जारी कर 29 सितंबर को अनिवार्य रूप से पेश होने का निर्देश दिया है।

# घाटों व रिवर फ्रंट निर्माण के लिए मांगी वित्तीय मंजूरी

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने बुधवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।**

इस दौरान सांसद ने सतना जिले की नदियों को नमामि गंगे योजना में शामिल करने और नदियों के घाटों एवं रिवर फ्रंट के विकास के लिए वित्तीय सहायता



प्रदान करने की मांग रखी। सांसद गणेश सिंह ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि सतना नदी, जो पन्ना के सरंग आश्रम से निकलती है, सतना में टमस नदी में मिलती है, और आगे चलकर यह गंगा नदी में समाहित होती है। मानसून के दौरान अतिवृष्टि के कारण सतना और टमस नदी के तटों पर कटाव की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। इन क्षेत्रों में धार्मिक गतिविधियां आयोजित होती हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचते हैं। इसके अलावा, कुछ क्षेत्र राम वन गमन पथ का हिस्सा हैं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।



# विश्व मच्छर दिवस पर कार्यशाला आयोजित

## विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर फैलाई गई जागरूकता

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मलेरिया कार्यालय में कार्यशाला आयोजित करने के साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।**

कार्यशाला में उपस्थित समस्त कर्मचारी व जनसमुदाय को मच्छरों के लार्वा की पहचान हेतु जानकारी दी गई। रेपिड रिस्पांस टीम में संलग्न कर्मचारियों को मच्छर जनित बीमारियों की नियंत्रण कार्यवाही संचालन के साथ ही जनसमुदाय में जागरूकता लाने व: सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने व सभी को अपने घर, कार्यक्षेत्र/कार्यालय, व अपने आस-पास क क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के साथ, जलभराव वाली जगहों को मच्छरों की जन्म स्थली न बनते देते हुए सजगता से लार्वा विनष्टीकरण व मच्छर जनित रोग की नियंत्रण कार्यवाही के समयानुसार संचालन का संकल्प लिया गया।

### स्थानीय कार्यालयों का भ्रमण

विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर अर्तविभागीय समन्वय स्थापित करने हेतु स्थानीय कार्यालयों में विजिट किया गया व पम्पलेट वितरण द्वारा प्रचार प्रसार कर जनजागरण का कार्य किया गया। मच्छर जनित बीमारियों के संक्रमण की रोकथाम संबधी गतिविधियों से आम जन को अवगत कराया गया। रैपिड रिस्पास टीम द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र का भ्रमण कर जल भराव वाली जगहों में टीमोंफास का छिडकाव किया गया व लार्वा सर्वे अभियान कार्यक्रम चलाया गया।

# विन्ध्य व्यापार मेला में आएंगे केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना के प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में मिलकर विन्ध्य व्यापार मेला 2025 में पधारने हेतु आमंत्रित किया।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि आगामी 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला में आमंत्रित करने हेतु चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के



नेतृत्व मे चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल केन्द्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर विन्ध्य व्यापार मेला मे पधारने हेतु अनुरोध किया जिस पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया जी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस 11 दिवस के आयोजन में मैं एक दिन सतना अवश्य आऊंगा, मैं पहले भी विंध्य चेम्बर के कार्यक्रम में सतना आ चुका हूं.इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, महामंत्री संदीप कुमार जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता उपस्थित रहे।



### अमर ज्योति परिवार को मिला 54 वां देहदान संकल्प

**सतना, 20 अगस्त.** मथुरा बस्ती निवासी प्रेमलाल चौधरी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अमर ज्योति परिवार को 54 वां देहदान संकल्प पत्र भरकर समाजसेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने अपना संकल्प पत्र अमर ज्योति परिवार के मार्गदर्शक एवं महापौर योगेश ताम्रकार को सौंपा। संकल्प पत्र सौंपते हुए प्रेमलाल चौधरी ने कहा इस समाज ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मिट्टी में मिलने से पहले मेरा भी फर्ज है कि मैं समाज को कुछ लौटाऊं, ताकि आने वाली पीढ़ी इससे कुछ सीख सके।

# प्रिज्म ने जबलपुर में नई टोलिंग यूनिट का शुभारंभ किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. भवन निर्माण सामग्री कंपनी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने आज मेसर्स जबलपुर सीमेंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ( जेसीआईपीएल ) जोगीढाना से सीमेंट आपूर्ति का उद्घाटन किया।**

यह टोलिंग इकाई प्रिज्म सीमेंट की गुणवत्ता और विशिष्टताओं के अनुसार सीमेंट का निर्माण और आपूर्ति करेगी। यह इकाई मध्य प्रदेश के एक प्रमुख औद्योगिक और आवासीय क्षेत्र, जबलपुर क्षेत्र में बाजार की मांग को पूरा करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। उद्घाटन के अवसर पर, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश जैन और चीफ मार्केटिंग आफीसर पराग



जैन की उपस्थिति में पहले ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जोनल सेल्स हेड हितेंद्र मिश्रा और मार्केटिंग टीम सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

टोलिंग यूनिट शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुये मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल ने कहा, कि इस टोलिंग यूनिट का शुभारंभ हमारे विस्तार और विकास की रणनीति का हिस्सा है। यह टोलिंग यूनिट हमें क्षेत्रीय ग्राहकों को तेज, कुशल और विश्वसनीय सेवा प्रदान करने में सक्षम बनायेगी। हमारा उद्देश्य सिर्फ व्यापार का विस्तार नहीं बल्कि उस क्षेत्र के समग्र विकास का भागीदार बनना है जहाँ ग्राहकों और डीलरों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सके। इसी अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश जैन ने कंपनी की भविष्य की योजनाओं, व्यापार रणनीतियों और स्थानीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को साझा करते हुये कहा, कि यह यूनिट हमारी आपूर्ति श्रृंखला को सक्षम बनाएगी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम जनसंपर्क एंड सीएसआर देवेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं डीलरों ने कंपनी की इस नई पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होने आगे बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड एक बिल्डिंग मटेरियल कंपनी है जो सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और टाइल्स के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है।

## एक नजर में



### अनिता कपूर की आधिकारिक यात्रा

**सतना।** ऑल इंडिया लीनस होम क्लब की अध्यक्षा रागिनी प्रणामी एवं सचिव रीना मोंगिया के नेतृत्व में आयोजित आधिकारिक यात्रा का समारोह श्री शाइन गार्डन में आयोजित किया गया ।पी आर ओ पूजा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक सेवा कार्यों का अवलोकन एवं सराहना हुई जिसके अंतर्गत एक जरूरतमंद बालिका को साल भर की फीस और पाँच बीमार कुष्ठ रोगियों को इंश्योरेंस बर्तन का सेट भी दिया गया ,इसी तारतम्य में पूजा चतुर्वेदी द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट का जीवन परिचय प्रियंका मिश्रा द्वारा एरिया ऑफिसर सच्ची गौतम का जीवन परिचय एवं मंच संचालन शशि अग्रवाल द्वारा किया गया।

### तप आराधना से अपने कर्म को खपा सकते है



**सतना।** शास्त्रों ने हमें इतनी सुविधा प्रदान की है कि पूरे वर्ष भर अगर हम अपने जीवन में आराधना, तप, संयम से दूर रहे हैं या नही कर सके हैं तो पयुर्षण पर्व के 8 दिन तो हम पूर्ण संयम,तप, आराधना और जीवदया का विशेष ध्यान देते हुए अपने कर्मो को खपा सकते है।उक्त बातें पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन ऋषभ अभयदेव जैन भवन में मुनि श्री हेमशेखर जी म.सा. ने अपने प्रवचन में बताई। मुनि श्री ने आगे बताया कि पयुर्षण महापर्व पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि सभी प्राणियों पर दया का भाव रखे, ज्यादा से ज्यादा 'तप' आराधना करके अपने कर्म को खपाएं। सभी के प्रति क्षमा का भाव रखें। सभी से क्षमायाचना करके अपने मन को पवित्र करके प्रभु आराधना में लीन हो जाएं।



### सद्भावना दिवस मनाया

**सतना.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती विवेक तंखा यूथ क्लब खेल खिलाड़ी कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज सिंह पटेल सेवादल उपाध्यक्ष जय कुमार शर्मा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर राजीव सिंह यूथ क्लब प्रदेश अध्यक्ष बंटी वसानी व जितेंद आवातवानी संतोष गेलानी जितेंद्र जीवनी विजय शुक्ला राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल पप्पू छतानी रहे समाजसेवियों के द्वारा स्व राजीव गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। एवम विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आर बी सिंह नरेंद्र सिंह एडवोकेट सफायात उल्ला राजा शुक्ला असलम खान सज्जाक खान कमलेश गुप्ता जीतू वसानी बबर मिर्जा नवीन मिश्रा हुजैफा सौदागर सोनू सचदेवा ने जयंती पर याद किया.